केन्द्रीय बजट 2024–25 विचार व संगोष्ठी कार्यक्रम–अखबारों से

बजट में गरीब, युवा, महिला, किसान जैसे प्रमुख वर्गों पर ध्यान देने का प्रयास किया गया है। - दिनेश कुमार गुप्ता, डिग्री कॉलेज अमोड़ी।

Amar Ujal 24-07-2024

आम बजट आम लोगों के लिए काफी फायदेमंद है। नई टैक्स रिजीम में स्टैंडर्ड डिडेक्शन 50 हजार से बढ़ाकर 75000 रुपये करने, कर की दरें तीन लाख तक शून्य रखने का निर्णय सराहनीय है। बजट मध्यम वर्ग के साथ महिला, किसानों व युवाओं के लिए प्रगति के द्वारा खोलने वाला है।

–डा. दिनेश कुमार गुप्ता, प्राध्यापक अर्थशास्त्र, महाविद्यालय अमोड़ी

Dainik Jagran 24-07-2024

टनकपुर। केन्द्रीय बजट में गरीब व मध्यम वर्ग, युवा वर्ग, महिला वर्ग, किसान वर्ग को समृद्ध के पथ पर ले जाने के लिए वृहद स्कीमों की घोषणा की गयी। राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी चम्पावत प्रोफेसर डा. दिनेश कुमार गुप्ता अर्थशास्त्री ने भारत सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में गरीब, युवा, महिला, किसान जैसे प्रमुख वर्गों पर ध्यान देने का प्रयास किया है।

Uttar Ujala 24-07-2024

हिन्दुस्तान | ई-पेपर | फॉलो करें

होम | राज्य | देश | शॉर्ट वीडियो | ओलंपिक 2024

Newswrap • हिन्दुस्तान टीम , चम्पावत

Wed, 24 Jul 2024 9:30 PM

राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी में केंद्र सरकार के मंगलवार को प्रस्तुत किए गए बजट पर चर्चा की गई। प्राचार्य डॉ. अजीता दीक्षित की अध्यक्षता में गोष्ठी में बजट के बिंदु सोना-चांदी पर कस्टम ड्यूटी कम करने, युवाओं के लिए मुद्रा लोन की रकम बढ़ाने, बिजली फ्री दिए जाने की स्कीम, कार्यकारी महिलाओं के लिए हास्टल की सुविधा देने जैसी तमाम मुख्य चीजों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन अर्थशास्त्र के प्रोफेसर डॉ. डीके गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में डॉ. संजय कुमार, डॉ. रंजना सिंह, डॉ. पुष्पा नेगी, अतुल कुमार मिश्र, संजय कुमार गंगवार, डॉ. रेखा मेहता के अलावा बजट परिचर्चा में ओमप्रकाश जोशी, देवेंद्र सिंह, अंजलि, रश्मि भट्ट, भागीरथी, हंसा भट्ट रहे।

Hindustan 25-07-2024

कैंसर की सस्ती दवाएं देंगी लोगों को राहत

संवाद न्यूज एजेंसी

अमोड़ी महाविद्यालय में केंद्रीय बजट पर हुई संगोष्ठी

चंपावत। अमोड़ी महाविद्यालय में बुधवार को केंद्रीय बजट पर अर्थशास्त्र विभाग में संगोष्ठी हुई। प्राचार्य डॉ. अजिता दीक्षित ने संगोष्ठी का शुभारंभ किया। वक्ताओं ने कहा कि कैंसर की दवा सस्ती होने से लोगों को काफी राहत मिलेगी।

संगोष्ठी में न्यू टैक्स रिजीम के तहत 75,000 तक स्टैंडर्ड डिडक्शन, मोबाइल फोन के पार्ट्स, सोना चांदी पर कस्टम ड्यूटी कम करने, युवाओं के लिए मुद्रा लोन की रकम 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख करने, 500 टॉप कंपनियों में पांच करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप देने आदि पर चर्चा की। साथ ही कहा कि इससे आमजन को लाभ मिलेगा।

डॉ. संजय कुमार, रंजना सिंह, पुष्पा, अतुल कुमार मिश्र, संजय कुमार गंगवार, रेखा मेहता ने भी बजट पर विचार रखे। संचालन अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. डीके गुप्ता ने किया। बजट परिचर्चा में छात्र ओमप्रकाश जोशी, देवेंद्र सिंह नेगी, छात्रा अंजली, रश्मि भट्ट, भागीरथी, हंसा भट्ट ने प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण खण्ड, हल्द्वानी, 33/11 के.वी. उपसंस्थान

Amar Ujala 25-04-2024